दिनांक **07.04.2022** को सैक अहमदाबाद द्वारा आयोजित हिंदी तकनीकी संगोष्ठी **भारतीय परिप्रेक्ष्य में ग्रहीय अन्वेषण एवं समानव अंतरिक्ष कार्यक्रम** में पीआरएल के निदेशक महोदय, अध्यक्ष, पीपीईजी उपस्थित रहे। निदेशक महोदय ने अपने संभाषण में पीआरएल एवं सैक के विषय में प्रेरणादायक शब्द कहे एवं सभी आयोजकों एवं प्रतिभागियों को अपनी शुभकामना दी। उद्घाटन समारोह में लेख संग्रह पुस्तक का भी विमोचन किया गया। अध्यक्ष, पीपीईजी ने समापन समारोह में अपने वक्तव्य रखे तथा उन्होंने और अधिक वैज्ञानिक लेख हिंदी में लिखे जाने के विषय पर जोर दिया, ताकि साधारण जनता को भी वैज्ञानिक क्षेत्र की गतिविधियों एवं प्रगति के बारे में पता चले। उन्होंने इस संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों एवं लेखों के लिए सभी प्रस्तुतकर्ताओं को बधाई दी। इस संगोष्ठी में पीआरएल के सात सदस्यों ने लेख प्रस्तुत किए। प्रत्येक प्रस्तुति के लिए 8 मिनट समय निर्धारित किया गया था। लेखकों के नाम एवं उनके लेख का विषय निम्नानुसार है:

1. ऋषितोष सिन्हा - मंगल ग्रह पर अवनालिका की संरचना
2. जयेश पाबारी - शुक्र ग्रहीय आकाशीय बिजली का अध्ययन
3. सोनम जीतरवाल – शुक्र ग्रह पर बिजली मापन हेतु उपकरण (LIVE) के लिए विभिन्न एंटेना विन्यासों का तुलनात्मक विश्लेषण
4. नरेन्द्र ओझा - वायुमंडलीय मॉडलिंग में सुदूर संवेदन के अनुप्रयोग
5. निर्भय उपाध्याय - समानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिये ‘इंटीग्रेटेड एअर ड्रोप टेस्ट’ की योजना
6. रमाकांत महाजन - नमूना वापसी : उद्धरण, भंडारण (परिरक्षण) और विश्लेषण
7. कपिल कुमार - तह विंग के वायुप्रत्यास्थता विश्लेषण



*सैक अहमदाबाद में हिंदी तकनीकी संगोष्ठी की कुछ झलकियां*